In the NEWS

RELIANCE Life Insurance

Publication: **Business Standard** | Region: **Delhi** | Date: **27/10/2014** | Page No.: **04**

1 करोड़ रुपये का टर्म प्लान 5400 रुपये में

एम सरस्वती
मुंबई, 26 अक्टूबर

आपके पास कोई योजना है, जिसके लिए आपको 540 रुपये महीना चुकाना पड़ता है। इसके बाद यह घटकर 500 रुपये प्रति माह हो जाता है। लेकिन अब इस कारोबार में अन्य कंपनियों के शामिल होने से यह और घटकर 450 रुपये प्रति माह रह गया है। हम यहां किसी एफएमसीजी उत्पाद की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि 1 करोड़ रुपये के ऑनलाइन टर्म बीमा योजना के प्रीमियम की बात कर रहे हैं।

ऑनलाइन टर्म बीमा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बहुत बढ़ गई है और 1 करोड़ रुपये के टर्म कवर का प्रीमियम अब महज 5400 रुपये प्रति वर्ष रह गया है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि इस क्षेत्र में लगातार नई कंपनियों के कदम रखने से इस योजना के प्रीमियम में और घटेंगे, जिससे ग्राहकों को फायदा मिलेगा।

बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण माईइंश्योरेंसक्लब डॉट कॉम के मुख्य कार्याधिकारी दीपक योहानन ने बताया कि इस श्रेणी में प्रतिस्पर्धा बढ़ने से योजनाओं का मूल्य घटा है क्योंकि बीमा योजना खरीदते समय ग्राहक उसकी कीमत पर काफी ध्यान देते हैं।

योहानन कहते हैं, 'पहले टर्म योजनाएं काफी महंगी हुआ करती थी, लेकिन एक बीमा कंपनी द्वारा ऑनलाइन पेशकश करने के साथ ही बाकी कंपनियों ने भी प्रीमियम घटा दिए। यह बदलाव पिछले कुछ साल में ही देखने को मिला है और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मुमकिन है कि प्रीमियम आगे भी नहीं बढ़े।' उन्होंने कहा कि अगर एक बीमाकर्ता प्रीमियम बढ़ाता भी हो तो अन्य कंपनियां कम कीमत पर वह उत्पाद पेश करने को तैयार हैं।

एक टर्म प्लान सबसे साधारण और सबसे पुरानी जीवन बीमा योजना है। इस योजना के तहत एक सीमित अवधि तक प्रीमियम भरना होता है। अगर बीमित व्यक्ति उस अवधि तक जीवित रहता है तो उसे कुछ भी रकम नहीं मिलती है। लेकिन अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की किसी दुर्घटना या फिर प्राकृतिक कारण से मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार को बीमित रकम मिलती है। अगर मृत्यु दुर्घटनावश हुई है तो अतिरिक्त लाभ मिलता है, जो बीमा कंपनी तय करती है।

प्रीमियम हुए कम

- ऑनलाइन टर्म बीमा में बढ़ रही प्रतिस्पर्धा
- बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण ऑनलाइन टर्म बीमा का प्रीमियम सबसे कम स्तर पर
- विशेषज्ञों का कहना, बढ़ेगी ऑनलाइन टर्म बीमा की मांग
- एजेंट नहीं होने से कम होता है ऑनलाइन बीमा का प्रीमियम

ऑनलाइन टर्म प्लान के लिए प्रीमियम कम होता है क्योंकि इसमें कोई एजेंट शामिल नहीं होता है और इसलिए कमीशन देने की जरूरत नहीं होती है। ऐगॉन रेलीगेयर लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी अमित कुमार रॉय कहते हैं, 'ऑनलाइन टर्म बाजार बिल्कुल अलग बाजार है और बहुत पढ़े-लिखे व्यक्ति ही ऑनलाइन योजना लेते हैं। हमने 2008 में इस बाजार में कदम रखा था और तब से अभी तक हमने अच्छी दर से विकास किया है।' रॉय कहते हैं कि लोगों के दीर्घायु होने के कारण ऑनलाइन टर्म सस्ते हो गए हैं।

युवा और स्वस्थ खरीदारों के लिए तो इसमें और भी रियायतें हैं। इस साल की शुरुआत में रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने 25 वर्ष के युवा के लिए 1 करोड़ रुपये की टर्म कवर योजना 15 रुपये प्रतिदिन के प्रीमियम पर पेश की थी। रिलायंस ऑनलाइन टर्म 75 वर्ष की आयु तक जीवन बीमा देती है और ग्राहक के घर पर मेडिकल जांच /चेक अप की सुविधा देती है।

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य कार्याधिकारी अनूप रॉय कहते हैं कि ग्राहकों के साथ अनुभव के आधार पर प्रीमियम बढ़ और घट सकता है। उद्योग के विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले समय में लोग ऑनलाइन बीमा को तरजीह देंगे। योहानन कहते हैं, 'प्रतिस्पर्धी कीमतों के कारण ऑनलाइन टर्म प्लान पसंद किए जाएंगे। भविष्य में प्रीमियम थोड़ा बढ़ सकता है, लेकिन इसमें बहुत इजाफा होना मुश्किल है।'